



## एसी की हवा में पनप रहे खतरनाक बैक्टीरिया

- जांच में चौंकाने वाले
- संकेत

**देवास।** मालवा क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच जहां लोग राहत के लिए एयर कंडीशनर (एसी) का उपयोग कर रहे हैं, वहीं अब इसे लेकर एक गंभीर स्वास्थ्य चेतावनी सामने आई है। हाल ही में किए गए परीक्षणों में यह संकेत मिले हैं कि लंबे समय तक बिना सफाई के चल रहे एसी यूनिट्स के भीतर खतरनाक बैक्टीरिया पनप सकते हैं, जो ठंडी हवा के साथ सीधे शरीर तक पहुंच रहे हैं।

जांच के दौरान एसी यूनिट्स के अंदर जमा धूल और नमी के सैंपल एक स्वतंत्र लैब में परीक्षण के लिए भेजे गए। रिपोर्ट में E. coli और Faecal Coliform जैसे बैक्टीरिया की मौजूदगी का दावा किया गया है, जो आमतौर पर दूषित पानी या सीवेज में पाए जाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि एसी के भीतर जमा गंदगी और नमी इन बैक्टीरिया के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करती है, जिससे ये तेजी से फैल सकते हैं।

चिकित्सकों के अनुसार, दूषित हवा के लंबे समय तक संपर्क में रहने से श्वसन तंत्र पर असर पड़ सकता है। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और पहले से



अस्थमा या एलर्जी से पीड़ित लोगों में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि, विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि इन निष्कर्षों की व्यापक वैज्ञानिक पुष्टि के लिए और विस्तृत अध्ययन की आवश्यकता है।

तकनीकी जानकारों के मुताबिक, गंदे एसी की वजह से मशीन की कार्यक्षमता भी प्रभावित होती है। कूलिंग क्षमता घटने के कारण कंप्रेसर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है,एसी क्लीनिक के फाउंडर शाहबाज का कहना है कि इससे बिजली की खपत बढ़ जाती है। ऐसे में नियमित सफाई और समय-समय पर सर्विसिंग आवश्यक होती है। विशेषज्ञों ने अपील की है कि वे सावधानी जरूर बरतें। समय पर एसी की सफाई, फिल्टर की देखरेख और मशीन की जांच कराकर इस संभावित खतरे को काफी हद तक टाला जा सकता है। मालवा में बढ़ते एसीउपयोग के बीच यह चेतावनी लोगों के लिए सतर्क रहने का संकेत मानी जा रही है।

## देवास को नॉन-अटेन्मेंट सिटी घोषित करने के बाद प्रदूषण कंट्रोल पर मंथन

- एमएएनआईटी की स्टडी पर हुई विस्तृत चर्चा




**देवास।** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली द्वारा वायु अधिनियम 1981 की धारा 18 (1) (बी) के अंतर्गत देवास शहर को नॉन-अटेन्मेंट सिटी घोषित किए जाने के बाद शहर में वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है।

इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ वायु सर्वेक्षण के परिणामों एवं पूर्व बैठकों के विषयों पर चर्चा के लिए जिला स्तरीय निगरानी एवं क्रियान्वयन समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। नगर निगम के सभाकक्ष में महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, आयुक्त दलीप कुमार, नेता सत्तापक्ष मनीष सेन, स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह बैस की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक में शहर की वायु गुणवत्ता सुधारने हेतु एक्शन प्लान पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक के प्रमुख एजेंडा में मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल द्वारा शहर में की गई सोर्स अपोर्शनमेंट स्टडी पर विस्तार से चर्चा की गई।

सर्वे टीम ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बताया कि शहर में वायु प्रदूषण के प्रमुख स्रोत कौन-कौन से हैं और किन कारणों से हवा में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। महापौर गीता अग्रवाल ने बताया कि वायु गुणवत्ता में देवास शहर 3 से 5 लाख की आबादी में देश में प्रथम रहा है। स्वच्छ वायु के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं ताकि भविष्य में भी शहर को स्वच्छ हवा एवं वातावरण मिले। प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार देवास शहर की हवा में सबसे अधिक प्रदूषण उद्योगों से निकलने वाले धुएं एवं सड़कों पर उड़ने वाली धूल से हो रहा है।

इसके बाद निर्माण कार्यों के दौरान उड़ने वाले महीन कण भी प्रदूषण में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। सभापति रवि जैन ने अपने सुझाव में कहा कि उद्योगों से निकलने वाले धुएं पर वायु गुणवत्ता को लेकर प्लान तैयार करना होगा। देवास के उद्योग हमारे शहर की इकोनॉमी हैं। उद्योगों को कोई नुकसान न हो और वायु की गुणवत्ता बनी रहे, इसी प्रकार से वैज्ञानिक तरीके से हमें हल निकालना होगा। तीसरे प्रमुख स्रोत के रूप में वाहनों के धुएं से भी प्रदूषण फैल रहा है। अन्य छोटे-बड़े कारण भी वायु गुणवत्ता को प्रभावित कर रहे हैं, जिन पर नियंत्रण की आवश्यकता बताई गई।

> बैठक में इन सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए प्रदूषण नियंत्रण के लिए आवश्यक कदमों पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने सुझाव दिया कि वाहनों के उत्सर्जन पर नियंत्रण, सड़क धूल प्रबंधन, निर्माण स्थलों पर सख्त निगरानी तथा औद्योगिक प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण से वायु गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता है। इस बैठक में निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, आरती खेड़ेकर, एन.के.एप. कंसलटेंट से अनिल शर्मा, वर्षा जोशी, निगम प्र.कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, जगदीश वर्मा, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी सौरभ त्रिपाठी, जितेन्द्र सिसोदिया, विश्वजीत सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं विभागीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कन्नौद उपजेल में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**कन्नौद।** जेल इंटरवेंशन प्रोग्राम के अंतर्गत सब जेल कन्नौद में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मरीज को टीबी से संबंधित जानकारी दी गई।

साथ ही टीबी मुक्त भारत अभियान के 100 दिवसीय कार्यक्रम के बारे में बताया गया। बीएमओ डॉ लोकेश मीणा द्वारा बंदियों को गर्मी एवं लू से बचाव के तरीकों को समझाया गया। ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ जैसे पानी ,ओआरएस का घोल ,नींबू



पानी इत्यादि पीकर अपने शरीर को स्वस्थ रखने का बताया गया।जेल में रह रहे 55 बंदियों की जांच की गई जिसमें एचआईवी, सिफलिस,हेपेटाइटिस बी ,स्पूटम परीक्षण एवं साई टीबी के टीके लगाए गए।इस अवसर पर जेल से जेलर गिरजा शंकर दुबे के साथ सिविल अस्पताल कन्नौद से एसटीएलएस दिनेश शर्मा ,लैब टेक्नीशियन महेंद्र सिंह जादौन ,काउंसलर ज्ञान सिंह मालवी उपस्थित थे। शिविर में जेल स्टाफ का भी सराहनीय योगदान रहा।

## नृसिंह मंदिर में जन्मोत्सव आज

**कन्नौद।** यहां वर्षो पूर्व से शाम को भगवान का प्रकटोत्सव के साथ सवारी निकाली जाती है द्य मल्हारगंज स्थित श्री बड़ा नृसिंह मंदिर मे प्रतिवर्ष श्री नृसिंह चतुर्दशी के पावन अवसर पर भगवान नृसिंह का जन्मोत्सव श्रद्धा तथा उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष गुरुवार को सुबह श्री नृसिंह भगवान का अभिषेक पूजन यज्ञ भजन किर्तन का आयोजन किया जाएगा।

शाम को महाआरती होगी और उसी के साथ भगवान खम्बे से प्रकट होगे तथा भगवान नृसिंह की जयजय कार से पूरा परिसर गुंजायमान होगा उसके बाद यहां भगवान श्री नृसिंह की सवारी निकाली जायेगी जिसमे बडी तादात मे श्रद्धालु सम्मिलित होगे तथा प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा मंदिर के महत श्री दिनेश चंद्र तिवारी ने क्षेत्र वासीयो से उपस्थित होकर पुण्य अर्जित करने की अपील की है इसी के साथ तालाब स्थित श्री नृसिंह मंदिर पर सुबह से शाम तक धार्मिक कार्यकम होगे ।

### एक नजर में


## दीप्ति उदिता सम्मान से सम्मानित




**खातेगांव।** भोपाल में पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को 'उदिता सम्मान' से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में खातेगांव नगर की बेटी दीप्ति रायसिंह तोमर को आदिवासी महिलाओं एवं बेटियों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए 'उदिता सम्मान' प्रदान किया गया। दीप्ति पिछले चार वर्षों से मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र के आदिवासी क्षेत्रों में महिलाओं और बेटियों के लिए शिक्षा, जागरूकता, आजीविका एवं स्वावलंबन के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही हैं। वर्तमान में वे केशवश्रृष्टि ग्राम विकास योजना मुंबई में प्रोजेक्ट मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं। इसके साथ ही वे यूनिसेफ के प्रोजेक्ट के अंतर्गत मध्यप्रदेश का नेतृत्व करते हुए मां नर्मदा संरक्षण एवं जनजागरूकता के लिए भी सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं।

## पार्वतीबाई का 85 वर्ष की उम्र में निधन

**देवास/ खातेगांव।** ग्राम पाड़ियादेह निवासी श्रीमती पार्वती बाई का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार



नेमावर स्थित नर्मदा तट पर संपन्न हुआ वे गिरधारी पटेल की धर्मपत्नी तथा महेश पटेल, दिनेश पटेल, सुरेश पटेल और रविंद्र पटेल की माताजी थीं। साथ ही जितेंद्र, विरेंद्र, आदित्य, केशव, पार्थ की दादी तथा हर्षित, दिव्यांश, दक्ष की परदादी थीं। पार्वती बाई के निधन के पश्चात परिवार ने एक सराहनीय पहल करते हुए पारंपरिक मौसर (मृत्यु भोज) का आयोजन नहीं किया। इसके स्थान पर गिरधारी पटेल ने फिजूल खर्च से बचने वाली राशि को समाजसेवा में लगाने का निर्णय लिया। उन्होंने बिश्नोई समाज के मंदिर, धर्मशाला, गौशाला एवं अन्य सामाजिक कार्यों के लिए 9,81,000 की नगद राशि दान स्वरूप भेंट की। इसके साथ ही एक जरूरतमंद कन्या के विवाह हेतु 1,00,000 की सहायता राशि भी प्रदान की। गिरधारी पटेल की इस प्रेरणा से अन्य समाजजनों ने भी आगे आकर 1,37,000 का सहयोग दिया। इस प्रकार कुल 11,18,250 की राशि समाजहित के विभिन्न कार्यों के लिए एकत्रित हुई। समाज में इस पहल की व्यापक सराहना की जा रही है और इसे सामाजिक जागरूकता व सेवा भावना का प्रेरणादायक उदाहरण माना जा रहा है।

## प्रसंस्करण इकाई का किया एक्सपोजर विजिट

**देवास।** स्वच्छ शहर जोड़ी पहल एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते हुए नगर परिषद सोनकच्छ के मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमरदास सेनानी द्वारा देवास स्थित नगर निगम की मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) प्लांट और गीले कचरे की प्रसंस्करण इकाई का एक्सपोजर विजिट किया गया। इस विजिट का उद्देश्य कचरा प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों को समझकर उन्हें सोनकच्छ में क्रियान्वित करवाना है, ताकि शहर स्वच्छता मानकों पर खरा उतर सके। देवास के सफल मॉडल को आधार मानकर सोनकच्छ में भी कचरा निपटान की कार्यप्रणाली में सुधार किया जाएगा, जिससे सोनकच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन कर सके।

## सड़क दुर्घटना में पत्रकार के पिता घायल, अज्ञात वाहन चालक फरार

**सोनकच्छ।** मंगलवार रात करीब साढ़े 8 बजे नगर के पत्रकार अंकीत जाजू के पिता नरेन्द्र कुमार जाजू को एक अज्ञात चारपहिया वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। जाजू को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

जानकारी अनुसार, नरेन्द्र कुमार जाजू ग्राम सांवेर माता मंदिर में आयोजित सुंदरकांड पाठ में शामिल होने पहुंचे थे। पाठ में विलम्ब के कारण वे कुछ समय के लिए टहलने निकले। इसी दौरान सांवरिया धाम कॉलोनी के समीप अज्ञात चार पहिया वाहन के चालक ने वाहन को तेज रफ्तार से चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रभाव इतना गंभीर था कि वे सड़क किनारे जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल जाजू को सिविल अस्पताल लाए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें देवास रेफर कर दिया गया। फिलहाल, एक निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। इधर, घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। पुलिस टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन एवं चालक का पता लगाने में जुटी है।

## पार्षद प्रतिनिधि पर वसूली, फर्जीवाड़े और अधिकार दुरुपयोग का आरोप

- वार्ड 22 में घोटालों की गूंज

**देवास।** वार्ड क्रमांक 22 में पार्षद प्रतिनिधि रूपेश वर्मा की कार्यशैली को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। कांग्रेस नेता पं. पवन चौधरी ने वर्मा पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। चौधरी का कहना है कि वर्मा जनता के मुद्दों से हटकर केवल दिखावटी प्रदर्शन और निजी हितों की राजनीति कर रहे हैं, जिससे वार्डवासियों को कोई वास्तविक लाभ नहीं मिल रहा।

उन्होंने आरोप लगाया कि वार्ड की निर्वाचित पार्षद उनकी पत्नी हैं, लेकिन क्षेत्र में उनकी सक्रियता



नजर नहीं आती और पूरा कामकाज वर्मा स्वयं संभालते हैं। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनप्रतिनिधित्व की भावना के विपरीत है।

चौधरी ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की फर्जी अनुपस्थिति लगाकर उनसे पैसों की वसूली की जाती है। इस संबंध में पहले भी नगर निगम में शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है, जिस पर कार्रवाई होने की बात सामने आई थी। इसके अलावा पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर भी लोगों से राशि लेने के आरोप लगाए गए हैं। सबसे गंभीर आरोप बीपीएल कार्ड को लेकर लगाए गए हैं। चौधरी के अनुसार, पार्षद रहते हुए स्वयं का बीपीएल कार्ड बनवाना नियमों के खिलाफ है और यह गरीबों के अधिकारों का हनन है। साथ ही भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल के करीब 14 संदिग्ध कार्ड बनाए जाने की बात भी सामने आई है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्मा के व्यवहार से वार्डवासी ही नहीं, बल्कि नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी भी परेशान हैं। अभद्रता और दबाव बनाने के आरोप भी लगाए गए हैं, जबकि पूर्व में कुछ मामलों में एफआईआर दर्ज होने की जानकारी भी दी गई। हाल ही में नगर निगम परिसर में चैंबर में उतरकर किए गए प्रदर्शन को भी चौधरी ने निजी हितों की नौटंकी बताया। उनका कहना है कि इस प्रकार के कदम केवल सुर्खियां बटोरने के लिए उठाए जाते हैं, जिनका जनता की समस्याओं से कोई संबंध नहीं होता। कांग्रेस नेता ने नगर निगम प्रशासन पर भी मिलीभगत का आरोप लगाते हुए मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि वास्तविक जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ मिल सके और व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे।

## एडीजी गुप्ता ने पुलिस लाइन में किया कई कार्यों का उद्घाटन

**देवास।** पुलिस लाइन में विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) उज्जैन जोन राकेश गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) उज्जैन रेंज नवनीत भसीन विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक देवास एवं कलेक्टर देवास द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस लाइन परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु दो नवीन प्रवेश



द्वारों का लोकार्पण किया गया, जिन्हें मां तुलजा भवानी द्वार एवं मां चामुंडा द्वार नाम दिया गया। इनका उद्घाटन एडीजी राकेश गुप्ता द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने नवीन पुलिस कैंटीन का निरीक्षण किया। इस कैंटीन के माध्यम से पुलिस कर्मियों को दैनिक उपयोग की वस्तुएं बाजार दर से कम कीमत पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इस पहल को पुलिस कर्मियों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों के बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु वातानुकूलित एवं वाई-फाई युक्त, सर्वसुविधायुक्त दिशा पुलिस लर्निंग सेंटर के नवीनीकरण का लोकार्पण भी किया गया।

## अमलतास इंस्टिट्यूट में प्रमुख युवा समागम

**देवास।** अमलतास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देवास के संयुक्त तत्वावधान में पारमनिट यूथ गेदरिंग (प्रमुख युवा समागम) का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में युवाओं का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला, जहाँ सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जी एवं डॉ. केशव राव बलीराम हेडगेवार के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुई। वक्ताओं ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इन महापुरुषों के आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। आज के युवाओं ने कर्तव्य, गौरव और सेवा के मंत्र को अपने जीवन में उतारने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की सामूहिक शपथ ली। मुख्य अतिथि यश भार्गव एवं रमेश पाटीदार उपस्थित रहे प्रमुख वक्ता ने अपने संबोधन में युवाओं को समाज सेवा के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही किसी राष्ट्र की असली पूँजी है और जब यह शक्ति वैचारिक रूप से सुदृढ़ होती है, तभी देश प्रगति करता है।

## 7 दिन में 65 चोरियों का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**देवास।** शहर में हुई एक बड़ी चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने महज 7 दिनों में एक शातिर अंतर्राज्यीय चोर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पिछले 18 वर्षों में महाराष्ट्र, राजस्थान और मध्यप्रदेश के 13 जिलों में 65 से अधिक चोरियों को अंजाम दे चुका है और 22 मामलों में फरार चल रहा था। देवास पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगे करीब 400 सीसी टीवी कैमरों की बारीकी से जांच की। तकनीकी साक्ष्यों और डिजिटल सर्विलांस के आधार पर आरोपी की गतिविधियों को ट्रेस करते हुए देवास से भोपाल तक करीब 150 किलोमीटर तक उसका मूवमेंट ट्रैक किया गया। अंततः पुलिस टीम ने आरोपी को भोपाल बायपास से गिरफ्तार कर लिया। फरियादी राजेन्द्र मोहरी, संचालक सदगुरु मोटर्स (होंडा) शोरूम, ने थाना बीएनपी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाश ने रात में शोरूम का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कैश काउंटर व तिजोरी तोड़कर 47,892 नकद व महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर लिए। सचिन गौहर नई बस्ती तिकोनिया, मुरार, ग्वालियर एक आदतन एवं संगठित अंतर्राज्यीय अपराधी है, जिसके खिलाफ तीन राज्यों में चोरी, सेंधमारी और संपत्ति संबंधी कई अपराध दर्ज हैं। 58,150 नकद, शोरूम से चोरी की गई बाइक भी बरामद की गई।

**एक नजर में** — महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में बताया जा रहा एक महत्वपूर्ण कदम

## सहायता समूह की दीदियों ने प्रशिक्षण में लिया भाग

**खातेगांव।** फाइबर के विकास और उपयोग पर एक दिवसीय प्रशिक्षण निजी गार्डन खातेगांव में किया गया।

विधायक आशीष शर्मा के प्रयास एवं केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान की मंशानुसार जनपद पंचायत खातेगांव के माध्यम से नॉर्दर्न इंडिया टेक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशन गाजियाबाद (वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार से संबंधित) के डायरेक्टर जनरल डॉ. एम.एस. परमार के मार्गदर्शन में डॉ. प्रीति कौर सचदेवा, डॉ. विकास सिंह डॉ. सुरेन्द्र द्वारा जनपद पंचायत खातेगांव के ग्रामीण क्षेत्र की स्वयं सहायता समूहो की महिलाओं के सशक्त करने हेतु मिल्कवीड/आक पौधे से प्राप्त फाइबर के विकास और उपयोग पर एक दिवसीय प्रशिक्षण निजी गार्डन खातेगांव में आयोजित किया गया। जिसमें आशीष शर्मा विधायक, ललित गुर्जर मण्डल अध्यक्ष, सारिका चौधरी नगर पंचायत अध्यक्ष, नरेन्द्र चौधरी, लक्ष्मीबाई गिरी पार्षद, सावित्री यादव पार्षद, आयोजित प्रशिक्षण में प्रवीण प्रजापति एसडीएम, शीला शुक्ला डीपीएम. अश्विनी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत के बीपीओ आर आर राजोरिया, सामाजिक न्याय के एस.एस.ओ.दिलीप बारेला, राजेश दुबे पंचायत शाखा सहायक जनपद पंचायत खातेगांव, महिला एवं बाल विकास से प्रवीण जैन सीडीपीओ, कीर्ति मिश्रा बीएम-एनआरएलएम जनपद पंचायत सहित आदि अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण में केन्द्र से आये दल द्वारा अकाव के रेशे से कपडे बनाये जाने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी उपस्थित महिलाओं



को दी गई, जिसमें बताया गया कि, अकाव के पेड में लगने वाले फल के अंदर के रेशे को तोडकर इकट्ठा का उसको किस प्रकार संग्रहण कर भंडारण एवं किसी प्रकार कंपनी को उपलब्ध कराया जाता है उसका विस्तृत प्रशिक्षण ऑडियो/ वीडियो एवं मंच के माध्यम से दिया गया। विधायक आशीष शर्मा द्वारा बताया गया कि खातेगांव विधानसभा से महिला स्वयं सहायता का चयन कर उनके माध्यम से अकाव के रेशे के लिये चिन्हित समूह की दीदियों को प्रशिक्षण हेतु भेजा जायेगा। इससे क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक लाभ एवं उनके जीवन स्तर में सुधार होगा।